मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक

# उत्तरशक्ति

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 251
सोमवार, 31 मार्च 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## हमारे त्योहार देश की विविधता में एकता को दशार्ते हैंः पीएम मोदी

**नयी दिल्ली, 30 मार्च।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आज और आगामी दिनों में मनाए जाने वाले विभिन्न त्योहार भारत की विविधता में व्याप्त एकता की भावना के सूचक हैं। मोदी ने लोगों से इस भावना को मजबूत करने का आग्रह किया। उन्होंने मन की बात मासिक कार्यक्रम में कहा कि रविवार को विभिन्न राज्य अपना पारंपरिक नववर्ष मना रहे हैं और आगामी दिनों में कई अन्य राज्य भी इसे मनाएंगे।



मोदी ने कहा कि ईद सहित अन्य त्योहार भी मनाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को इन त्योहारों की बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में कुछ ही सप्ताह बाद गर्मी की छुट्टियां भी शुरू होने वाली हैं और गर्मी के लंबे दिन छात्रों के लिए नए शौक विकसित करने एवं अपने कौशल को निखारने का समय होते हैं।

प्रधानमंत्री ने छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने वालों से माईहॉलिडेज हैशटैग का उपयोग करने तथा छात्रों एवं अभिभावकों से हॉलिडेमेमोरीज हैशटैग के साथ अपने अनुभव साझा करने का आग्रह किया।

मोदी ने अपने संबोधन में विभिन्न तरीकों से जल संरक्षण कर कैच द रेन अभियान को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इस तरह के कदमों से पिछले सात से आठ साल में 11 अरब घन मीटर से अधिक पानी बचाया गया है। उन्होंने लोगों से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आग्रह करते हुए कहा कि यह भारत की ओर से मानवता के लिए एक अमूल्य उपहार है।

मोदी ने कहा कि 21 जून को मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस अब एक बड़ा उत्सव बन गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष इस आयोजन का विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग है।

## आप ने भाजपा सरकार पर फरिश्ते दिल्ली के योजना को बंद करने का लगाया आरोप

**नयी दिल्ली, 30 मार्च।** आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत दिल्ली सरकार पर फरिश्ते दिल्ली के योजना को बंद करने का आरोप लगाया। फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों को निजी अस्पतालों में मुफ्त चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाती है। भाजपा ने आप के इस आरोप पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। आप की दिल्ली इकाई के प्रमुख और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि पूर्ववर्ती आप सरकार द्वारा शुरू की गई इस पहल से हजारों लोगों की जान बचाने में मदद मिली थी, लेकिन अब इसे बंद किया जा रहा है। भारद्वाज ने सवाल किया, ऐसी अच्छी योजना जो लोगों की जान बचाती है, उसे कोई कैसे बंद कर सकता है? भाजपा सरकार ने इसे बजट से हटा दिया है। साल 2017 में तत्कालीन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई फरिश्ते दिल्ली के योजना के तहत सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए लोगों का निजी अस्पतालों में इलाज कराया जाता है और इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाती है, ताकि राहगीर वित्तीय बोझ के डर के बिना घायलों की सहायता करने के लिए प्रोत्साहित हों। आप के अनुसार, इस पहल के तहत 10,000 से अधिक लोगों की जान बचाई गई। भारद्वाज ने दावा किया कि स्वास्थ्य मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान भी उपराज्यपाल द्वारा नियुक्त अधिकारियों ने इस योजना को बंद करने का प्रयास किया था। उन्होंने कहा कि आप को उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा था, जिसके बाद इस योजना को जारी रखने के लिए धनराशि जारी की गई थी।



## पटरी से उतरीं कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस की 11 बोगियां, एक की मौत, कई लोग घायल

**कटक।** ओडिशा के कटक जिले में रविवार को बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन की 11 बोगियां पटरी से उतर गईं, जिसके परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौत और आठ लोग घायल हो गए। इन यात्रियों को बचा लिया गया है और उन्हें चिकित्सा के लिए नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। रेलवे अधिकारी बाधित ट्रैक को बहाल करने और आगे की बाधाओं को कम करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। ओडिशा अग्निशमन सेवा, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और स्थानीय रेलवे अधिकारियों के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और बचाव अभियान में सहायता कर रहे हैं। रेलवे ने बचाव प्रयासों में सहायता के लिए एक राहत ट्रेन भी तैनात की है। पटरी से उतरने की घटना के बाद धौली एक्सप्रेस, नीलाचल एक्सप्रेस और पुरुलिया एक्सप्रेस सहित तीन ट्रेनों को वैकल्पिक मार्गों पर भेजा गया। रेलवे ने सहायता प्रदान करने और यात्रियों को सूचित रखने के लिए कई हेल्पलाइन भी सक्रिय की हैं। खुर्दा रोड डिवीजन के डिवीजनल रेलवे मैनेजर एच.एस. बाजवा ने कहा, 'आज बैंगलोर-कामाख्या एक्सप्रेस नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास पटरी से उतर गई। उसी रूट पर एक विशेष ट्रेन चलाई जा रही है जो उसी गंतव्य तक जाएगी। इसके बाद, मरम्मत का काम शुरू होगा। हम रेलवे की ओर से अनुग्रह राशि प्रदान करेंगे। हमने भोजन, पानी, प्राथमिक चिकित्सा और बसों की भी व्यवस्था की है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ यहां हैं। जांच की जाएगी।



## घरों व मदिरों में गूंजे शक्ति स्वरुपा मां दुर्गा के जयकारे

### ◆मां विन्ध्यवासिनि धाम व शैलपुत्री सहित देवी मंदिरों में लगी भक्तों की कतार, हुए अनुष्ठान

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी-मिजार्पुर।** शहर से लेकर देहात तक में रविवार को नवरात्र व नववर्ष की धूम रही। घर-घर व माता मंदिरों में घट स्थापना के साथ के साथ ही नवरात्र की शुरूवात हुई। विशेष योग में आई नवरात्र में शुभ मुहूर्त में घट स्थापना की गयी। नवरात्र के पहले दिन अलईपुर स्थित शैलपुत्री मंदिर च मिजार्पुर में मां विंध्यवासिनी धाम सहित अन्य देवी मंदिरों में पट खुलते ही दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ तो देर रात तक चला।

मंदिरों के बाहर भक्तों की भीड़ कतारबद्ध होकर अपनी बारी का इंतजार के बीच मां के जयकारे लगाते रहे। मां के भक्तों ने व्रत रखा व दुर्गा सप्तशती का पाठ किया। साथ में अखंड ज्योति भी प्रज्वलित की गई। घर-घर में माता का दरबार सजाया गया। मंदिरों के बाहर फूल-माला बचने वालों की चांदी रही। वहीं, हिन्दू नव वर्ष की आगवानी सूर्यदेव को अर्घ्य देकर की गयी। जगह-जगह गुड़ धनिया बांटा गया। कई जगहों पर सामूहिक गुड़ी पड़वा का पूजन हुआ।

मां दुर्गा के प्रथम अवतार शैल पुत्री की पूजा के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर में भक्तों की भीड़ को देखते हुए बैरिकेडिंग की गई है। वहीं दुगाकुंड, मां विशालाक्षी सहित शहर के सभी दुर्गा मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रबंध किए गए हैं।



इस दौरान लोगों ने व्रत रखकर मां का पूजन अर्चन कर सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिले के प्रमुख मंदिरों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया है। इसके साथ ही कुछ मंदिरों पर भारी भीड़ के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पहले दिन पूजन अर्चन करने वाले भक्तों में अपूर्व उत्साह देखने को मिला।

**मां विंध्यवासिनी धाम में 5 लाख भक्तों ने टेका मत्था**

नवरात्र की शुरूआत के साथ ही विंध्य कारीडोर में भक्तों का जमावड़ा देखने को मिला। भक्तों ने माता के दर्शन कर जयकारे लगाए। पहले दिन लगभग पांच लाख से अधिक भक्तों ने मां के दर्शन पूजन किए। मंदिर में भक्तों के आगमन के लिए चार द्वार बनाए गए हैं। भक्तों को कतारबद्ध करने के लिए स्थाई रेलिंग लगाई गई है। परिसर में सुरक्षा के लिहाज से 250 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। चारों द्वार पर राजस्थानी कारीगरों ने नक्काशी की है। मंदिर को गुलाबी पत्थरों से सजाया गया है और मंदिर का परिक्रमा मार्ग बनकर तैयार है। मंदिर परकोटा में यज्ञशाला, वीआईपी रूम, क्लाक रूम और कंट्रोल रूम के साथ साधना केंद्र बनाया गया है। तमाम व्यवस्थाएं देख भक्त जय माता दी का उद्घोष कर रहे हैं। बता दें, मां विन्ध्यवासिनि दरबार श्रद्धालुओं से पटा है। माता के जयकारे से विंध्य धाम की समस्त गलियां गूंजती रही। चैत्र नवरात्र मेला के शुरू होते ही संपूर्ण विंध्याचल की छटा देखते ही बन रही है। मंगला आरती के बाद से ही दर्शन पूजन के लिए भक्तों का रेला लगा है। मंदिर परिसर में घंट-घड़ियाल के बीच मां के जयकारे गूंज रहे हैं। शनिवार की रात से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ लग गई थी। रविवार की भोर में मंगला आरती के बाद दर्शन-पूजन का सिलसिला शुरू हुआ जो अनवरत जारी है। गंगा स्नान, ध्यान के पश्चात हाथों में नारियल, चुनरी व माता का प्रसाद लिए मंदिर की ओर जाने वाली गलियों में पहाड़ा वाली के जयकारे लगाते श्रद्धालु मंगला आरती के बाद मां विंध्यवासिनी के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिए बेताब दिखे। मंदिर परिसर एवं परिक्रमा पथ प्रांगण एक अलग ही छटा बिखेर रही है अलौकिक सजावट विंध्याचल दरबार के साथ ही मां अष्टभुजी देवी व महाकाली मंदिर सहित कई अन्य मंदिरों की फूल, पत्तियों और रंग-बिरंगे झालरों से की गई सजावट अलौकिक छटा बिखेर रही है। सुरक्षा के खास इंतजाम मुख्य सड़कों, गलियों, गंगा घाटों और अष्टभुजा के पहाड़ पर दूरदराज से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो, इसको लेकर जिला प्रशासन सतर्क है। ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरे से नजर रखी जा रही है। एटीएस बल के साथ-साथ पुलिस के जवान सुरक्षा में तैनात हैं।

उगते सूरज संग काशी ने दुनिया को दिया वसुधैव कुटुंबकम का संदेश भगवान सूर्य के उदित होते ही नव संवत्सर के स्वागत में गंगोत्री सेवा समिति और नमामि गंगे ने पतितपावनी मां गंगा की आरती उतारी। दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम के मर्म को समझने का संदेश देकर पौ फटते ही विश्वभर को ऊर्जा का आभास कराने वाले सूरज देव को दूध से अर्ध्य दिया। मां गंगा के अर्चकों के साथ सदानीरा सुरसरि के तट पर मानव कल्याण की शांति और पर्यावरण संरक्षण के लिए यज्ञ किया गया। सभी के लिए स्वस्थ रहने और सुखी रहने के साथ समृद्धि प्राप्त करने की कामना की गई। गंगोत्री सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष पं. किशोरी रमण दुबे ने नव संवत्सर पर जनमानस को बधाई दी। सचिव पं. दिनेश शंकर दुबे ने कहा कि भारतीय नव संवत्सर की शुरूआत गंगा आरती के साथ करना एक शुभ और आध्यात्मिक अनुभव है जो आपको सनातनी वर्ष की शुरूआत मे सकारात्मकता और शांति प्रदान करता है। गंगा आरती मां गंगा की शक्ति और पवित्रता के लिए एक प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि है। राजेश शुक्ला ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा संस्कृति का अमृत गान है।

## भारत ने ब्रह्मांड के बारे में दुनियाभर में समझ पैदा करने में योगदान दियाः सोमनाथ

**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष एस सोमनाथ ने यहां महासलिला और सूर्य सिद्धांत जैसे प्राचीन ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा कि भारत हमेशा से एक महान राष्ट्र रहा है जिसने वेदों के समय से लेकर आज के उन्नत वैज्ञानिक युग तक ब्रह्मांड के बारे में दुनियाभर में समझ पैदा करने में योगदान दिया है। भारतीय प्रबंधन संस्थान अहमदाबाद के 60वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने शोध संगठनों, शिक्षा जगत और उद्योग के बीच संबंध की आवश्यकता पर बल दिया।

## कर्नाटक सरकार भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ेगीः मुख्यमंत्री सिद्धरमैया

**कर्नाटक।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शनिवार को कहा कि सरकार ने एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी (एक अरब घनफुट) पानी छोड़ने का फैसला किया है ताकि कल्याण कर्नाटक क्षेत्र में फसलों और पीने के वास्ते तुंगभद्रा नहरों तक पानी पहुंच सके। उन्होंने एक बयान में कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने तुंगभद्रा नहरों में जल प्रवाह के लिए एक से पांच अप्रैल तक भद्रा जलाशय से दो टीएमसी पानी छोड़ने का फैसला किया है। इससे कोप्पल, रायचूर और यादगिर में खड़ी फसलों की रक्षा करने में मदद मिलेगी और साथ ही इन जिलों के लिए पर्याप्त पेयजल सुनिश्चित होगा। तीस मार्च की स्थिति के हिसाब से भद्रा जलाशय में 28 टीएमसी पानी था।











# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व



-रमेश सर्राफ धमोरा

## कला-संस्कृति : 31 मार्च पर विशेष

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीघार्यु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देव भूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

गणगौर भी राजस्थान का ऐसा ही एक प्रमुख लोक पर्व है। लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हो गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। विवाहिता एंव कुवारी सभी आयु वर्ग की महिलायें गणगौर की पूजा करती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती है। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है। ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती है उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं। शीतलाष्टमी तक इन पिण्डों को पूजा जाता है। फिर मिट्टी से ईसर गणगौर की मूर्तियां बनाकर उन्हें पूजती हैं। लड़कियां प्रातः ब्रह्ममुहुर्त में गणगौर पूजते हुये गीत गाती हैं:-

गौर ये गणगोर माता खोल किवाड़ी, छोरी खड़ी है तन पूजण वाली। गीत गाने के बाद लड़कियां गणगौर की कहानी सुनती है। दोपहर को गणगौर के भोग लगाया जाता है तथा कुए से लाकर पानी पिलाया जाता है। लड़कियां कुए से ताजा पानी लेकर गीत गाती हुई आती हैं:-

म्हारी गौर तिसाई ओ राज घाट्यारी मुकुट करो,
बीरमदासजी रो ईसर ओराज, घाटी री मुकुट करो,
म्हारी गौरल न थोड़ो पानी पावो जी राज घाटीरी मुकुट करो।

लड़कियां गीतों में गणगौर के प्यासी होने पर काफी चिन्तित लगती है एवं गणगौर को जल्दी से पानी पिलाना चाहती है। पानी पिलाने के बाद गणगौर को गेहूं चने से बनी घूघरी का प्रसाद लगाकर सबको बांटा जाता है और लड़कियां गीत गाती हैं:-

म्हारा बाबाजी का माण्डी गणगौर, दादसरा जी के माण्ड्यो रंगरो झूमकड़ो,
ल्यायोजी - ल्यायो ननद बाई का बीर, ल्यायो हजारी ढोला झूमकड़ो।

रात को गणगौर की आरती की जाती है तथा लड़कियां नाचती हुई गाती हैं। गणगौर पूजन के मध्य आने वाले एक रविवार को लड़कियां उपवास करती हैं। प्रतिदिन शाम को क्रमवार हर लडकी के घर गणगौर ले जायी जाती है। जहां गणगौर का बिन्दौरा निकाला जाता है तथा घर के पुरुष लड़कियों को भेंट देते हैं। लड़कियां खुशी से झूमती हुई गाती हैं:-

ईसरजी तो पेंचो बांध गोराबाई पेच संवार ओ राज म्हे ईसर थारी सालीछां। गणगौर विसर्जन के पहले दिन गणगौर का सिंजारा किया जाता है। लड़कियां मेहन्दी रचाती हैं। नये कपड़े पहनती हैं, घर में पकवान बनाये जाते हैं। सत्रहवें दिन लड़कियां नदी, तालाब, कुए, बावड़ी में ईसर गणगौर को विसर्जित कर विदाई देती हुई दुःखी हो गाती हैं:-

गोरल ने तू आवड़ देख बावड़ देख तन बाई रोवा याद कर।

गणगौर की विदाई का बाद कई महिनो तक त्यौहार नहीं आते इसलिए कहा गया है-तीज त्यौहारा बावड़ी ले डूबी गणगौर। अर्थात जो त्यौहार तीज (श्रावणमास) से प्रारम्भ होते हैं उन्हें गणगौर ले जाती है। ईसर-गणगौर को शिव पार्वती का रूप मानकर ही बालाऐं उनका पूजन करती हैं। गणगौर के बाद बसन्त ऋतु की विदाई व ग्रीष्म ऋतु की शुरूआत होती है। दूर प्रान्तों में रहने वाले युवक गणगौर के पर्व पर अपनी नव विवाहित प्रियतमा से मिलने अवश्य आते हैं। जिस गोरी का साजन इस त्यौहार पर भी घर नहीं आता वो सजनी नाराजगी से अपनी सास को उलाहना देती है। सासु भलरक जायो ये निकल गई गणगौर, मोल्यो मोड़ों आयो रे।

गणगौर महिलाओं का त्योहार माना जाता है इसलिए गणगौर पर चढ़ाया हुआ प्रसाद पुरुषों को नहीं दिया जाता है। गणगौर के पूजन में प्रावधान है कि जो सिंदूर माता पार्वती को चढ़ाया जाता है महिलाएं उसे अपनी मांग में सजाती हैं। शाम को शुभ मुहूर्त में गणगौर को पानी पिलाकर किसी पवित्र सरोवर या कुंडे आदि में इनका विसर्जन किया जाता है।

आज आवश्यकता है इस लोकोत्सव को अच्छे वातावरण में मनाये। हमारी प्राचीन परम्परा को अक्षुण बनाये रखे। इसका दायित्व है उन सभी सांस्कृतिक परम्परा के प्रेमियों पर है जिनका इससे लगाव है। जो ऐसे पर्वो को सिर्फ पर्यटक व्यवसाय की दृष्टि से न देखकर भारत के सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देखने के हिमायती हैं। अब राजस्थान पर्यटन विभाग की वजह से हर साल मनाए जाने वाले इस गणगौर उत्सव में शामिल होने कई देशी-विदेशी पर्यटक भी पहुँचने लगे हैं।

# केवल महिलाएं ही नहीं पुरुष भी हो रहे हैं घरेलू हिंसा के शिकार!



अशोक भाटिया

घरेलू हिंसा या फिर महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को लेकर न सिर्फ अक्सर बातें होती हैं बल्कि कठोर कानून भी बने हैं, बावजूद इसके इनमें कोई कमी नहीं दिखती। लेकिन इस घरेलू हिंसा का एक पक्ष यह भी है कि घरेलू हिंसा के पीड़ितों में महिलाएं ही नहीं बल्कि पुरुष भी हैं लेकिन उनकी आवाज इतनी धीमी है कि वह न तो समाज को और न ही कानून को सुनाई पड़ती है। पारिवारिक मसलों को सुलझाने के मकसद से चलाए जा रहे तमाम परामर्श केंद्रों की मानें तो घरेलू हिंसा से संबंधित शिकायतों में करीब चालीस फीसद शिकायतें पुरुषों से संबंधित होती हैं यानी इनमें पुरुष घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं और उत्पीड़न करने वाली महिलाएं होती हैं।

हाल ही में पुरुषों के साथ हो रही घरेलु हिंसा की घटना अखबारों की सुर्खियाँ बनी हुई है । यह घटना उत्तर प्रदेश के मेरठ की है । यहां पर मुस्कान नाम की महिला ने प्रेमी साहिल के साथ मिलकर अपने पति सौरभ की हत्या कर दी। इसके बाद शव के कई टुकड़े करके नीले रंग के ड्रम में रखकर सीमेंट डाल दिया। पति का मर्डर करने के बाद मुस्कान ने लोगों को बताया कि उसका पति घूमने गया है। वारदात को अंजाम देने के बाद मुस्कान अपने प्रेमी साहिल के साथ हिमाचल प्रदेश के शिमला घूमने चले गई। यही नहीं मुस्कान अपने पति का फोन भी लेकर साथ गई और उसने उसके सोशल मीडिया अकाउंट पर हिमाचल के वीडियो भी डाले, ताकि लोगों को लगे कि सौरभ हिमाचल घूमने गया है। इस घटना के बाद तो ड्रम को लेकर महिलाओं ने ड्रम को अपनी धौस देने का हथियार बना लिया है लेन लग गई है । कई जगह से समाचार आ रहे की पत्नियाँ अपने पति को इसी प्रकार मरने की धमकियां दे रही है ।

मेरठ से ही एक और ऐसा मामला सामने आया है जहां पति-पत्नी के झगड़े में पत्नी ने पति को ऐसी ही भयानक हत्या की धमकी दे डाली। शख्स की पत्नी ने उससे कहा कि अगर हरकतों से बाज नहीं आया तो वह उसके टुकड़े कर ड्रम में भर देगी। आरोप है कि पत्नी ने सोते समय पति के सर पर ईंट मारकर उसे घायल भी कर दिया था। घायल हालत में पति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो मामला सामने आया है। गोंडा में पत्नी अपने पति को मेरठ हत्याकांड जैसी धमकी दे रही है। पति ने अवैध संबंधों का विरोध किया तो पत्नी ने सरेआम पीटा। धमकी दी- ज्यादा चूं-चपाट की तो गोंडा वाले सौरभ की तरह काटकर ड्रम में भर दूंगी। इतना ही नहीं, निमार्णाधीन मकान में रखे नीले रंग का ड्रम और सीमेंट की बोरियों को दिखाकर डराया भी।प्रताड़ित पति का एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में पत्नी अपने पति को घर के बाहर बीच सड़क वाइपर से पीटते हुए दिख रही है। मोहल्ले वाले पत्नी की करतूत को देख रहे हैं। इससे पहले भी दो बार पीड़ित पति की पिटाई हो चुकी है।

कंकरखेड़ा में दंपती के बीच घरेलू बातों को लेकर हुए झगड़े में पति को धमकी दी कि अगर, हरकतों से बाज नहीं आया तो काटकर ड्रम में भर दूंगी। घायल पति थाने पहुंया और पुलिस को मामला बताया। पुलिस ने घायल का मेडिकल उपचार कराया । कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में दून हाईवे स्थित एक कॉलोनी निवासी युवक ने बताया कि वह मजदूरी करता है। पांच साल पहले उसकी शादी हुई थी। दंपती के दो बच्चे हैं। आरोप लगाया कि पत्नी आए दिन उसके साथ झगड़ा करती है। कई बार घर से खींचकर गली में झाड़ू तक से पीटा है। मोहल्ले के लोगों ने बीच बचाव कराया था।

## उत्तरशक्ति न्युज नेटवर्क

बताया जाता है मेरठ में ड्रम कांड के बाद उन पतियों में भी खौफ का माहौल है, जिनकी पत्नियां शादी के बाद भी अपने बॉयफ्रेंड के साथ रिलेशन में हैं। ग्वालियर में ऐसे ही एक पति को अपनी हत्या का डर सता रहा है। इस युवक की पत्नी की चार बॉयफ्रेंड हैं। वह अपने पति को छोड़कर एक बॉयफ्रेंड के साथ रह रही है। ये बॉयफ्रेंड पति को हत्या की धमकी दे रहा है। जब पुलिस ने युवक की बात को गंभीरता से नहीं सुना तो वह फूलबाग चौराहे पर मुख्यमंत्री के नाम पोस्टर लेकर धरने पर बैठ गया।पीड़ित पति ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मदद की गुहार लगाई है। उसने आशंका जाहिर की है कि कहीं उसकी पत्नी पूजा भी मेरठ कांड की तरह उसे कटवाकर ड्रम में सीमेंट से न दबवा दे।ऐसे कई उदहारण है जिसमें पत्नियां पतियों के साथ मारपीट करती रहती है । वैसे भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। ह्यसेव इंडियन फैमिली फाउंडेशनह्य और ह्यमाई नेशनह्य नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। इस रिपोर्ट में यह भी गया है पुरुषों ने जब इस तरह की शिकायतें पुलिस में या फिर किसी अन्य प्लेटफॉर्म पर करनी चाही तो लोगों ने इस पर विश्वास नहीं किया और शिकायत करने वाले पुरुषों को हंसी का पात्र बना दिया गया।

लखनऊ में पीड़ित पुरुषों की समस्याओं पर काम करने वाली एक संस्था के संचालक देवेश कुमार बताते हैं कि लॉकडाउन के दौरान ऐसी समस्याओं के बारे में और ज्यादा जानकारी मिली थी क्योंकि इस दौरान ज्यादातर पति-पत्नी साथ रहे हैं। देवेश कुमार बताते हैं, ह्लोग कई तरह की समस्याएं लेकर आते थे । मसलन, एक युवक इस बात से परेशान था कि उसकी पत्नी के किसी अन्य व्यक्ति से अवैध संबंध थे। मना करने के बावजूद संबंध जारी रहे। लॉकडाउन के दौरान ही उसे ये बातें पता चलीं। दोनों में विवाद हुआ और लड़की के घर वालों ने युवक को यह कहते हुए धमकाया कि यदि उसने कुछ करने की कोशिश की तो दहेज प्रताड़ना के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया जाएगा।ह्व

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो यानी एनसीआरबी के आंकड़ों के मुताबिक, देश में पुरुषों की आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में दो गुने से भी ज्यादा है। इसके पीछे तमाम कारणों में पुरुषों का घरेलू हिंसा का शिकार होना भी बताया जाता है, जिसकी शिकायत वो किसी फोरम पर कर भी नहीं पाते हैं। हालांकि ऐसा नहीं है कि पुरुषों के खिलाफ हिंसा की किसी को जानकारी नहीं है या फिर इसके खिलाफ आवाज नहीं उठती है लेकिन यह आवाज एक तो उठती ही बहुत धीमी है और उसके बाद खामोश भी बहुत जल्दी हो जाती है। कुछ समय पहले यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं।

पुरुष आयोग की मांग के समर्थन में जो तर्क दिए जाते हैं, उनमें सबसे बड़ा तर्क यह है कि महिलाओं को सुरक्षा देने के जो कानून बने हैं, उनके दुरुपयोग से पुरुषों को प्रताड़ित किया जाता रहा है। इन कानूनों में दहेज कानून यानी धारा 498-ए सबसे प्रमुख है। सुप्रीम कोर्ट में वकील दिलीप कुमार दुबे कहते हैं, ह्अमेरिका के जिस कानून से प्रेरित होकर यह कानून बनाया गया, वह अमेरिकी कानून जेंडर निरपेक्ष है और उसमें पुरुषों की प्रताड़ना के मामले भी देखे जाते हैं। लेकिन हमारे यहां यह एकतरफा हो गया है। जबकि दहेज प्रताड़ना से संबंधित ज्यादातर मामले खुद अदालत की निगाह में गलत पाए गए हैं। करीब चार साल पहले घरेलू हिंसा या उत्पीड़न के शिकार पुरुषों की मदद के लिए एक स्वयंसेवी संस्था ने ह्यसिफ' नाम का एक ऐप बनाया था जिसके जरिए ऐसे पुरुष अपनी पीड़ा दर्ज करा सकते थे। ऐसे पुरुषों को यह संस्था कानूनी मदद भी दिलाती थी। संस्था के प्रमुख अमित कुमार कहते हैं कि इस ऐप के जरिए 25 राज्यों के 50 शहरों में 50 एनजीओ से कानूनी मदद के लिए संपर्क किया जा सकता है। उनका दावा है कि हेल्पलाइन जारी होने के 50 दिन के भीतर ही उन्हें 16,000 से ज्यादा फोन कॉल्स मिली थीं। अमित बताते हैं कि अब तक कई लोगों को कानूनी मदद दिलाई जा चुकी है और कई परिवारों की काउंसिलिंग कराकर उनकी समस्या को दूर किया गया है।

ज्ञात हो कि केरल में पुलिस के लिए नियमित संवेदीकरण कार्यशालाओं के परिणामस्वरूप लिंग-आधारित शिकायतों का अधिक संतुलित संचालन हुआ है। संगठनों को समावेशी कार्यस्थल नीतियाँ अपनाने के लिए बाध्य करें जो पितृत्व अवकाश, पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले यौन उत्पीड़न और मानसिक स्वास्थ्य सहायता जैसे मुद्दों को सम्बोधित करती हैं। स्वीडन की पैतृक अवकाश नीति पिताओं को समान अवकाश प्रदान करती है, जो घर पर साझा पालन-पोषण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देती है। लैंगिक न्याय के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए पुरुषों के अधिकारों को समान ईमानदारी से सम्बोधित करने की आवश्यकता है। लैंगिक-तटस्थ कानून, मानसिक स्वास्थ्य सहायता में वृद्धि और सामाजिक रूढ़ियों को खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान महत्त्वपूर्ण कदम हैं। जैसा कि मार्टिन लूथर किंग जूनियर ने कहा था, ह्किसी भी जगह अन्याय हर जगह न्याय के लिए खतरा है। एक सही मायने में समावेशी प्रणाली सभी लिंगों को ऊपर उठाती है, समाज में निष्पक्षता और सद्भाव को बढ़ावा देती है।

# ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं?



-तनवीर जाफरी

भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरूआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। खबरों के मुताबिक भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई , सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनजर ईद पर 'सौगात-ए-मोदी' पर चर्चा होना लाजिमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है।

पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नजरों में क्या यह 'तुष्टिकरण' नहीं है ? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे 'सन्तुष्टीकरण ' का नाम दे दे ?"दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नजर आया। फिर अब आखिर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी जरुरत क्यों महसूस हुई ? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफा तो नहीं ? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की खातिर 'मुफ़्त की रेवड़ियां' बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या 'मुफ़्त की रेवड़ी ' नहीं कहेगी ? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हकदार नहीं ? प्रधानमंत्री को फरवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित 'प्रवचन 'को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि-' धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए।अगर रमजान में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी बिजली मिलनी चाहिए। गांव में कब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। तो क्या उपरोक्त प्रवचन केवल विपक्ष के लिये ही है ? आज यह सवाल जरूरी क्यों नहीं कि मुसलमानों को ईद पर सौगात तो हिन्दुओं को दीपावली पर क्यों नहीं ? गुरुपर्व पर सिक्खों को तोहफा क्यों नहीं ? ईस्टर या गुड फ्राइडे पर ईसाइयों को क्यों नहीं ? यह भेदभाव क्यों और इसका कारण क्या है ?

दरअसल भाजपा ने कोरोना काल के बाद मुफ़्त राशन बांटकर आम जनता के वोट लेने का जो तरीका अपनाया है और उसे मतदाताओं की नयी श्रेणी अर्थात 'लाभार्थी श्रेणी ' के रूप में चिन्हित किया है यह सौगात -ए -मोदी भी उसी तरह का एक खेल है जो बिहार चुनाव से पहले खेला जा रहा है। इस खेल के बहाने भाजपा लालू यादव व नितीश कुमार दोनों ही नेताओं के साथ खड़े मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का एक प्रयास कर रही है। उसे लगता है कि जिसतरह मुफ़्त राशन बांटकर उसने भूखे व बेरोजगार लोगों को अपने पक्ष में कर लिया है शायद सौगात -ए -मोदी किट भी बिहार में भाजपा के लिये उसी तरह फायदेमंद साबित हो। परन्तु शायद ऐसा होने वाला इसलिए नहीं क्योंकि इस समय मुसलमानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा है,उनकी शिक्षा व रोजगार है। उनकी इबादतगाहों की सुरक्षा है। उनके धार्मिक रीति रिवाजों को अमल में लाने की स्वतंत्रता है। उनके साथ निष्पक्षता से पेश आना तथा न्याय करना है।

परन्तु इसी मोदी राज में देश के अनेक भाजपा शासित राज्यों में नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई जा रही है। सड़कों,पार्कों यहाँ तक कि अपने घर की छतों पर भी नमाज पढ़ने पर रोक लगने की खबर है। हरियाणा में तो ईद का अवकाश ही 31 मार्च को बहाना बनाकर गजेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटा कर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दिया गया है। ऐसे में विपक्ष सवाल कर रहा है कि ईद मुसलमानों का एक ही सबसे बड़ा त्योहार होता है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। ऐसे में आखिर ईद की गजेटेड छुट्टी को वैकल्पिक छुट्टी के रूप में क्यों बदल दिया गया ? आज जगह जगह मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की खबरें आ रही हैं। यहाँ तक कि महाकुंभ जैसे आयोजन में कुछ लोगों ने मुसलमानों के मेला प्रवेश तक का विरोध किया। खुले आम भाजपाई समर्थक नफरत फैला रहे हैं। अनेक स्थानों से पुलिस,प्रशासनिक पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की खबरें आ रही हैं। मुसलमानों के धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह जगह बेगुनाह लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाये जा रहे हैं। दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन विधेयक पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर यह मोदी ने ही तो कहा था कि 'जो आग लगा रहे हैं, टीवी पर जो उनके दृश्य आ रहे हैं, ये आग लगाने वाले कौन हैं, उनके कपड़ों से ही पता चल जाता है। ' और आज उन्हीं को सौगात पेश की जा रही है ? यदि भाजपा या मोदी वास्तव में मुसलमानों को सौगात देना चाहते हैं तो उन्हें व उनकी पार्टी व सरकार को भारतीय मुसलमानों से नफरत करने वाले लोगों की बयानबाजियों पर लगाम लगनी चाहिये। जब संसद में उनके सांसद खुले आम मुसलमानों को गालियां देने लगें तो समझा जा सकता है कि इस विरोध की जड़ें कितनी गहरी हैं। पक्षपात हर स्तर पर बंद होना चाहिये। इसी लिये यदि ईद पर सौगात दे रहे हैं तो दीपावली-होली,गुरुपर्व पर भी उपहार दिया जाना चाहिये।

# विकास के बजाए विवादित मुद्दे बन गए हैं सत्ता का आसान रास्ता

बेरोजगारी, गरीबी, अपराध, लिंगभेद, चिकित्सा और आधारभूत जैसी सुविधाओं के समाधान के बजाए देश के नेता इतिहास के गढ़े मुर्दे उखाड़ कर वोट पाने का आसान रास्ता चुन रहे हैं। इसी क्रम में नया विवाद महाराणा सांगा पर दिए गए बयान पर पैदा हुआ है। समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राज्यसभा में कहा कि बीजेपी के लोगों का ये तकियाकलाम बन गया है कि इनमें बाबर का डीएनए है। सपा सांसद रामजी लाल ने कहा कि मैं जानना चाहूंगा कि बाबर को आखिर लाया कौन? इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को राणा सांगा लाया था। उन्होंने कहा कि मुसलमान अगर बाबर की औलाद हैं तो तुम लोग उस गद्दार राणा सांगा की औलाद हो, ये हिन्दुस्तान में तय हो जाना चाहिए कि बाबर की आलोचना करते हो, लेकिन राणा सांगा की आलोचना नहीं करते?

सांसद सुमन की राज्यसभा में की गई टिप्पणी पर केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि जो लोग आज नहीं बल्कि 1000 वर्षों के भारत के इतिहास की समीक्षा करते हैं, वे बाबर और राणा सांगा की तुलना कभी नहीं कर सकते और उन्हें एक ही तराजू पर नहीं रख सकते। महाराणा सांगा ने आजादी की अलख जगाई थी। उन्होंने भारत को गुलामी से बचाया और साथ ही भारत की संस्कृति को सनातनी बनाए रखने में भी अहम योगदान दिया। कुछ क्षुद्र और छोटे दिल वाले लोग ऐसी बातें करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि ऐसी चचाओं की कोई गुंजाइश नहीं है। यह पहला मौका नहीं है जब नेताओं ने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए इस तरह के विवादों को हवा दी है। इससे पहले भी ऐतिहासिक मुद्दों पर देश में दरार डालने के प्रयास होते रहे हैं।

बॉलीवुड के निमार्ता-निर्देशक संजय लीला भंसाली की फिल्म पद्मावत को लेकर भी काफी विवाद हुआ था, जिसमें राजपूत समुदाय ने फिल्म में ऐतिहासिक तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने का आरोप लगाया था। इस विवाद का परिणाम यह निकला कि चित्तौडगढ़ के किले में स्थित 'पद्मावती' महल में अराजक तत्वों ने उन शीशों को तोड़ दिया, जिनके बारे में कहा जाता है कि दिल्ली के सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी ने इन्हीं आईनों के जरिए राजपूत रानी पद्मावती को देखा था। इसी तरह तीन साल पहले बॉलीवुड फिल्म पानीपत से शुरू हुआ विवाद एक टीवी धारावाहिक तक आ पहुंचा। धारावाहिक में खांडेराव होल्कर से पूर्व महाराजा सूरजमल को युद्ध में हारना दिखाया गया। वहीं, इतिहासकारों का दावा है कि पूर्व महाराजा सूरजमल कभी युद्ध नहीं हारे। बल्कि खांडेराव होल्कर की मौत उनके साथ युद्ध में हुई थी। इसको लेकर रूपवास व कुम्हेर थाने में दो अलग-अलग एफआइआर दर्ज कराई गई। मैसूर के राजा रहे टीपू सुल्तान की 10 नवंबर को मनाई जाने वाली जयंती को लेकर भी खूब कलह हुआ है। मैसूर का शेर कहलाने वाले टीपू की जयंती की शुरूआत कांग्रेस के शासन में हुई लेकिन बीजेपी इसका विरोध करती रही। कर्नाटक में टीपू सुल्तान की जयंती मनाने को लेकर नौबत यहां तक आ गई कि कई शहरों में सुरक्षा को देखते हुए धारा 144 लगाई गई और विरोध प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। भारतीय जनता पार्टी और कुछ हिन्दू संगठनों ने सरकार से मांग की थी कि वह टीपू सुल्तान की जयंती मनाने का कार्यक्रम और उन्हें महिमामंडित करने की योजना रोक दें। बीजेपी की निगाह में टीपू सुल्तान धार्मिक रूप से कट्टर और हिन्दू विरोधी शासक था। भाजपा नेता मीनाक्षी लेखी ने उत्तर भारत के 9वीं सदी के राजपूत शासक सम्राट मिहिर भोज की प्रतिमा का अनावरण किया और उन्हें एक गुज्जर बताया। दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने जौनपुर गांव में सम्राट मिहिर भोज की एक प्रतिमा भी समर्पित की, जिसमें उन्हें गुज्जर बताया गया। इसका राजपूत समुदाय ने कड़ा विरोध किया। बिहार में गठबंधन से पहले भाजपा ने नीतीश सरकार पर इतिहास के छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। भाजपा ने यहां तक कहा था कि सरकार ने प्रथम मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह का अपमान किया है। बिहार के पूर्व मंत्री भीम सिंह ने बिहार सरकार खासकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मोहम्मद युनूस को बिहार के प्रथम प्रधानमंत्री बताते हुए उनके जन्म दिवस पर राजकीय जयंती समरोह मनाए जाने को बिहार केसरी श्रीकृष्ण सिंह का अपमान बताया था। उन्होंने कहा था कि मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत इतिहास के साथ छेडछाड की जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दिनों उत्तर प्रदेश के संभल जिले में मंदिर-मस्जिद विवाद पर नेताओं ने जम कर रोटियां सेकी। इस संवेदनशील मुद्दे को लेकर हिंसा में पांच लोग मारे गए। इसके बाद देश के दूसरे हिस्सों में इसी तरह के विवाद पैदा हो गए। अजमेर में दरगाह में हिंदू मंदिर का दावा करते स्थानीय अदालत में मामला दायर किया गया। इसी तरह देश के दूसरे हिस्सों में भी मस्जिदों में मंदिर होने को लेकर अदालतों में मामले दायर किए गए। नेताओं ने तभी पैर पीछे खींचे जब सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे विवादों पर रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि जब तक पूजा स्थल अधिनियम की वैधता पर फैसला नहीं हो जाता, तब तक देश में मंदिर-मस्जिद विवादों से जुड़े नए मुकदमे दर्ज नहीं किए जा सकते, और न ही कोई चल रहा मामला सर्वेक्षण या अंतिम आदेश के साथ आगे बढ़ सकता है। यह विवाद पूरी तरह थमा भी नहीं कि महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद पैदा हो गया। इस पर भाजपा और विपक्षी दलों ने आरोप-प्रत्यारोप लगा कर देश का माहौल गमार्ने में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ी। इसका परिणाम यह हुआ कि नागपुर में हिंसा भड़क उठी। इसमें कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा। आम लोगों को कर्फ्यू के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ऐसे विवादों की चपेट में अक्सर देश का मजदूर, गरीब और कामकाजी वर्ग आता है। इन विवादों की जड़ में आसान सत्ता की राजनीति की चाहत है।

# सनातन सर्वोच्च और सर्वोत्तम है



-विक्रम दयाल

जब जब भारत में हिन्दू धार्मिक मेलों का आयोजन होता है. तब तब बड़े से बड़ी संख्या में ऋषि-मुनि, साधु-संत, योगी और नागा तथा पुजारी समस्त भारत के श्रद्धालुओं का विशाल जमावड़ा. और जनसमूह का शैलाब देखने को मिलता है. चाहे वह कोई तीर्थ स्थान हो या अन्य किसी देवता का पवित्र मंदिर, धर्मस्थल. सभी जगह हिन्दू सनातनी का दर्शन हेता ही है. दुनिया के सबसे प्राचीन धर्मों मे से एक हिन्दू सनातन धर्म है. सनातन धर्म का मतलब शाश्वत या सद्भावना रखनेवाला वाला धर्म सनातन है. जिस धर्म का न आदि है, न अंत है. सनातन धर्म के मूल तत्व सत्य, अहिंसा, दया, क्षमा, दान, जप, तप, यम और नियम हैं. सनातन धर्म में ॐ का प्रतीक चिन्ह माना जाता है. सनातन धर्म में शिव-भक्ति ब्रह्मा और विष्णु को समान माना गया है. सनातन धर्म के त्रिदेव ब्रह्मा विष्णु और महेश को प्रमुख आराध्य माना गया है. सनातन धर्म में इमानदारी, जीवों को चोट पहुँचाने से बचना, पवित्रता, सद्भावना, दया, धैर्य, सहनशीलता, आत्मसंयम, उदारता, और तप जैसे गुण शामिल हैं. सनातन धर्म में चार युगों का वर्णन किया गया है. सतयुग, त्रेतायुग, द्वापरयुग और कलियुग वर्तमान समय में कलियुग चल रहा है. इसके बाद सतयुग शुरू होगा. सनातन धर्म की तुलना स्वधर्म से भी की जाती है. ईश्वर सर्व शक्तिमान है, उसी की पूजा होनी चाहिए. ब्रह्मा, विष्णु, शिव त्रिदेव की पूजा सनातन धर्म में की जाती है. इसके अलावा सूर्य, गणेश शक्ति, मां भगवती प्रमुख देवी है. परमात्मा को सनातन माना गया है. साथ ही जीवात्मा को भी सनातन धर्म के रुप में स्वीकार किया जाता है. वह हिन्दू धर्म, धार्मिक प्रतिष्ठान, पूजामंदिर और व्रतों को महत्व देता है. वहीं सनातन धर्म यज्ञ, साधना, तप और ध्यान को प्राथमिकता देता है. सनातन धर्म अनेक सांप्रदायों जैसे सिख, जैन, बौद्ध और अन्य धर्मों का धार्मिक सांप्रदाय है. तो हिन्दू धर्म में केवल हिन्दू सांप्रदाय ही शामिल है. सनातन धर्म में चार वर्ण होते हैं. ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये सभी गुण व कर्म के आधार पर बंटे हुए है. सनातन धर्म का शास्त्रों से जाति का जिक्र नही मिलता है. हालांकि भारत में आज हजारों जातियां हैं. जो जन्म के आधार पर बंटी हुई है. वैदिक काल में चारो वर्ण एकदूसरे के पूरक थे, जैसे शरीर के हर एक अंग का अलग अलग काम होता है लेकिन एक दूसरे के बिना रह नही सकते, उसी तरह चारो वर्ण भी है. जो एकदूसरे के बिना जीवन बिता नही सकते है. सनातन धर्म का मतलब खुद-ब-खुद है. सबके लिए है. सबके लिए समान रूप में हितकर जो सदा से है. जिस धर्म से सब धारण किया गया है वह ध्रुव है. जो सदा रहेगा वही सनातन है. सनातन धर्म विल्कुल गुरुत्वाकर्षण के नियम है जो कर्म, विचार, भाव, सबका हित, सबकी भलाई, प्रेम भरे हो, वह इस धर्म के अनुकूल है. और अन्यथा वाले इसके प्रतिकूल है. धर्म पूर्वक चेष्टा लोगों को आनंद, व विकास के रास्ते पर ले जायेगी. और उनको धर्म पालन के वक्त ही अनुभव होगा, न कि मरने के बाद. शुद्ध सनातन धर्म वही है जिसके पालन से अनुभव और समाज का कल्याण हो. जिसमें कल्याण के शिवाय कुछ और न हो. वही सनातन है. सनातन धर्म के नियम अटल, प्राकृतिक, और ध्रुव हैं. जो आज है, कल भी है, और कल भी रहेगा. धर्म अधर्म के द्वन्द्व मे हो तब इसका सरल तरीका पता करने का यह है जिस बात को हम अपने प्रति पसंद नही करते वह बात हमें दूसरों के साथ नही करनी चाहिए.

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से रमजान कीट का वितरण



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार के मार्गदर्शन में अल्पसंख्यक मोर्चा मुंबई के प्रभारी विधायक संजय उपाध्याय तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मुंबई के अध्यक्ष वसीम खान के नेतृत्व में ईद के मौके पर जरूरतमंदो को रमजान कीट का वितरण बांद्रा विधानसभा में किया गया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला मंत्री सरबजीत सिंह भाजपा उत्तर पश्चिम मुंबई अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष हुसेन पठाण, अंधेरी विधानसभा अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मुस्ताक सय्यद, जोगेश्वरी विधानसभा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष खालिद शेख, शाहनवाज पठाण तथा तौकीर शेख सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हुसेन पठाण ने सभी देशवासियों को ईद की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ईद भाई चारे का प्रतीक है। उन्होंने ईद पर्व को अमन और भाई चारा के साथ मनाने की अपील की।

# प्रारंभ उत्तर दर्शन के वार्षिक समारोह में वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह पुरस्कृत



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** हिंदू नव वर्ष गुडी पाडवा की पूर्व संध्या पर पाक्षिक समाचार पत्र प्रारंभ उत्तर दर्शन के 54 वें वार्षिक समारोह में नवभारत टाइम्स के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह को वीरेंद्र बहादुर सिंह सम्मान पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्हें यह पुरस्कार निर्भीक और स्वच्छ पत्रकारिता को देखते हुए प्रदान किया गया। जौनपुर जिले के मूल निवासी राजकुमार सिंह पिछले 30 सालों से पत्रकारिता में सक्रिय हैं। नवभारत टाइम्स के पहले वे कई प्रतिष्ठित अखबारों में काम कर चुके हैं। अब तक उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए प्राप्त बाबूलाल विष्णु पराड़कर पुरस्कार की 51 हजार रुपए की धनराशि मुख्यमंत्री कोष में देने वाले वे पहले पत्रकार हैं। इस अवसर पर महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री कृपाशंकर सिंह, डॉक्टर राजेंद्र सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर राधेश्याम तिवारी, समरस फाउंडेशन के चेयरमैन तथा मुंबई कांग्रेस के महासचिव डॉ किशोर सिंह, मुंबई भाजपा प्रवक्ता उदयप्रताप सिंह, रामबक्श सिंह भाजपा नेता अखिलेश सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। घाटकोपर पश्चिम हिंदी हाई स्कूल के श्री बैजनाथ साबू सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में राजकुमार सिंह के अलावा अनेक लोगों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के आयोजक तथा प्रारंभ उत्तर दर्शन के संपादक ठाकुर विनोदचंद्र हरदत्त सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में वरिष्ठ पत्रकार अनुराग त्रिपाठी ने समस्त लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# गुढी पडवा पर निकली भव्य शोभा यात्रा, उमड़ा जनसैलाब



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** हिंदू नववर्ष गुढी पडवा के शुभ अवसर पर अंधेरी पूर्व सामाजिक, सांस्कृतिक मंडल की ओर से भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा रविवार को महाकाली दर्शन सोसायटी से प्रारंभ होकर क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से गुजरी, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। मंडल के अध्यक्ष सुनील बागवे ने बताया कि शोभा यात्रा में महाराष्ट्र के गौरव छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा को पुष्पमालाओं से सुसज्जित किया गया था। यात्रा का शुभारंभ महाकाली दर्शन सोसायटी बिल्डिंग नं. 3 से हुआ और यह त्रिवेणी संगम, भूता मनपा शाला, चिनाई कॉलेज, अंधेरी-कुर्ला रोड स्थित गणेश मंदिर, पल्लवी होटल, विशाल हॉल, मून लाइट, कामगार कल्याण हॉल, मोगाविरा बैंक, आजाद सेवा मंडल, प्रभात मंडल, अलबेला नाका और शिव साईं मंदिर से होते हुए पुनः महाकाली दर्शन सोसायटी परिसर में संपन्न हुई।

शोभा यात्रा के दौरान ढोल-ताशा पथक, पारंपरिक वेशभूषा और भगवा ध्वज के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। गुढी पडवा के इस विशेष आयोजन में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक झलकियों के दर्शन भी हुए।

शोभा यात्रा में जागरूक नागरिक दक्षता समिति के कार्याध्यक्ष संतोष एल. रहाटे, पूर्व नगरसेविका संध्या सुनील यादव, जनप्रहार फाउंडेशन के अध्यक्ष एड. रविकांत शुक्ला, महिला विभाग प्रमुख तरुणा कुंभार, संस्था के रमेश खामकर, मंगेश माधव, प्रियंका सालुंखे, मानसी तांबे, संदीप रहाटे, अशोक पंडित, संजय रहाटे, प्रकाश साहू, अभिजीत पटेल, ?नी फर्नांडिस, विनायक राऊत, सिल्वीया नरोन्हा, संतोष दरडे, महिमा पवार समेत बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने इस शोभायात्रा में उत्साहपूर्वक भाग लिया। शोभा यात्रा के दौरान ढोल-ताशा पथक, पारंपरिक वेशभूषा और भगवा ध्वज के साथ माहौल भक्तिमय हो गया। गुढी पडवा के इस विशेष आयोजन में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक झलकियों के दर्शन हुए, जिससे स्थानीय नागरिकों में नई ऊर्जा और जोश का संचार हुआ।

# भारतीय जनभाषा प्रचार समिति ने मनाया वार्षिकोत्सव

**ठाणे (उत्तरशक्ति)।** साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था भारतीय जनभाषा प्रचार समिति ठाणे की 35 वीं वर्षगांठ शनिवार दिनांक 29 मार्च 2025 को मुन्ना सिंह विष्ट सभागृह सिडको ठाणे (पश्चिम) में मनाया गया।वार्षिकोत्सव में वरिष्ठ साहित्यकार आद.भुवनेन्द्र सिंह विष्ट की स्मृति में भुवनेन्द्र सिंह विष्ट पुरस्कार 2025 तथा साहित्यकारों का सम्मान समारोह रखा गया।वार्षिकोत्सव की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरजिंदर सिंह सेठी ने किया तथा मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल से डॉ किशन तिवारी,विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ लक्ष्मण शर्मा वाहिद,डॉ कनकलता तिवारी,श्रीमती अलका पाण्डेय,युवा साहित्यकार पवन तिवारी उपस्थित थे। मंच का खूबसूरत संचालन संस्था के चेयरमैन रामप्यारे सिंह रघुवंशी एवं विनय सिंह विनम्र ने किया।समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं भुवनेन्द्र सिंह विष्ट की प्रतिमा पर पर पुष्प अर्पित करते हुए किया गया। साहित्यिक यज्ञ में पूजा अर्चना पश्चात अनिल कुमार राही ने मां सरस्वती की वंदना की तत्पश्चात कवि एवं पत्रकार विनय शर्मा दीप ने अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। उपस्थित सभी अतिथियों,विशिष्ट अतिथियों एवं साहित्यकारों का सम्मान उक्त अतिथि का परिचय देते हुए अंगवस्त्र,पुष्पगुच्छ एवं रामनामी पट्टी देकर किया गया।सम्मान समारोह पश्चात संस्था द्वारा भुवनेन्द्र सिंह विष्ट पुरस्कार देने के संदर्भ में विष्ट के



ऐतिहासिक साहित्य समर्पण एवं योगदान को पढ़ा गया तत्पश्चात श्रीमती शिल्पा सोनटक्के के उत्कृष्ट ऐतिहासिक सफर के प्रशस्ति पत्र को पढ़ते हुए मचिंय अतिथियों द्वारा श्रीमती शिल्पा सोनटक्के को भुवनेंद्र सिंह बिष्ट पुरस्कार करतल ध्वनि के साथ दिया गया।पुरस्कार के रूप में शिल्पा जी को 11000 नगद,सम्मान चिन्ह,प्रशस्ति पत्र,अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ समर्पित किया गया।सम्मान समारोह में मुंबई,नवी मुंबई एवं ठाणे में चलने वाली साहित्यिक संस्थाओं के रामजीत गुप्ता-संगीत साहित्य मंच,अनिल कुमार राही-नवकुंभ साहित्य सेवा संस्थान,सत्यभामा सिंह-बाबू शोभनाथ मेमोरियल ट्रस्ट,रामस्वरूप साहु'स्वरूप'-कलमकार,श्रीधर मिश्र 'आत्मिक'-काव्य सृजन परिवार,लक्ष्मी यादव' ओजस्विनी-नवांकुर साहित्य संस्था, डोंबिवली एवं महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी पुरस्कार पाने वाले मदन गोपाल गुप्त 'अकिंचन', श्रीमती आभा दवे,डा.आनंदी सिंह रावत और पत्रकारिता हेतु वरिष्ठ साहित्यकार नामदार राही,विनय शर्मा 'दीप',लक्ष्मी यादव,मुन्ना यादव- जनहित इंडिया एवं लक्ष्मी यादव को सम्मानित किया गया।साहित्यकार सम्मान मनोज मैकश,उमेश चंद्र मिश्र 'प्रभाकर', सदाशिव चतुर्वेदी 'मधुर',टी आर खुराना,अरुण प्रकाश मिश्र 'अनुरागी', लालबहादुर यादव 'कमल',अंजनी कुमार द्विवेदी,मीनाक्षी शर्मा,हीरालाल यादव हीरा,ताज मोहम्मद सिद्दीकी, पल्लवी रानी,नंदलाल थापर,प्रभा शर्मा सागर,संस्था अध्यक्ष नंदलाल क्षितिज,संदीप कुमार यादव,दीपक बिंद,नाथन पंत कोटा,एडवोकेट अनिल शर्मा,सुशील नाचिज,ओम नप्रकाश सिंह, प्रोफेसर अंजनी कुमार द्विवेदी,ओमप्रकाश तिवारी,रमाशंकर यादव,ओम प्रकाश पांडे,मंजू गुप्ता, श्रीमती निशा लक्ष्मण शर्मा,रचित विनय शर्मा आदि को दिया गया।

समारोह में संस्था ने सामाजिक कार्य के क्षेत्र में कदम उठाते हुए डॉ लक्ष्मण शर्मा वाहिद एवं श्रीमती निशा शर्मा को वरमाला के साथ दांपत्य सूत्र में बांधने का सराहनीय कार्य किया। अंत में संस्था प्रचार सचिव विनय शर्मा दीप ने उपस्थित सभी अतिथि साहित्यकारों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन किया।

# राकांपा की ओर से रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया



**मुम्बई (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी उत्तर मध्य मुंबई जिला चांदिवली तालुका अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह की ओर से आज रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन तूंगा गांव में किया गया ।जिसमें प्रमुख अतिथि के रूप में राकांपा मुंबई के कार्याध्यक्ष सिद्धार्थ कांबले , राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र प्रदेश प्रवक्ता संजय तटकरे , राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बप्पा सावंत, जिला अध्यक्ष अरशद अमीर,वरिष्ठ पत्रकार आदित्य दुबे, जाने माने आरटीआई एक्टिविस्ट अनिल गलगली, तालुका अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह, वार्ड अध्यक्ष फरीद सिद्दीकी, जिला महासचिव मुजीबुर्रहमान सिद्दिकी सहित भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित रहकर इफ्तार किया।, कार्यक्रम का आयोजन तालुका अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने बहुत ही नियोजनबद्ध तरीके से किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेतन जाधव, असलम शेख, सचिन वाकोडे, नूरामीन शेख, जावेद बेग, अकबर हाशमी, सुरजीत सिंह, आलोक राय और ताहिर शाह ने काफी भागदौड़ की।

# वेस्कोआ ने तीसरे हशु आडवाणी स्मारक व्याख्यान में शहरी चुनौतियों की रचनात्मक व्याख्या का प्रदर्शन

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई के चेंबूर कैंपस में विवेकानंद एजुकेशन सोसाइटी के कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर (वेस्कोआ ) में तीसरे हशु आडवाणी मेमोरियल लेक्चर (एचएएमएल) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई दिग्गज आर्किटेक्ट और अर्बन प्लानर्स ने शिरकत की। लेकिन इस कार्यक्रम की सबसे खास बात थी कि इसमें छात्रों की रचनात्मकता को दिखाया गया। छात्रों ने आर्ट इंस्टॉलेशन और वर्चुअल रियलिटी प्रदर्शनी के जरिए अपनी कला दिखाई। इस साल के कार्यक्रम का विषय था एकिस्टिक्स, लाइफ, नेचर और प्रैक्टिस। हशु आडवाणी के 100वें जन्मदिन के मौके पर, वेस्कोआ कॉलेज में हुए इस खास कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों ने मिलकर प्रधानाचार्य डॉ प्रोफेसर आनंद अचारी के मार्गदर्शन में तीन अनोखी कलाकृतियाँ बनाईं। मोजेक आर्ट से आडवाणी की एकता की सोच दिखाई गई, थ्रेड आर्ट से उनकी मेहनत और लगन का सम्मान किया गया। सबसे खास थी



वर्चुअल रियलिटी प्रदर्शनी, जहाँ लोग तकनीक के जरिए आडवाणी जी के जीवन और मूल्यों को जान पाए। इस प्रदर्शनी का नाम था। एक वर्चुअल रियलिटी अनुभव के जरिये हशु आडवाणी की कहानियों एवं मूल्यों को प्रस्तुत करना। इसमें उनकी विरासत के बारे में भी बताया गया।

इसके साथ ही, कार्यक्रम में शहरों को बेहतर बनाने के बारे में भी चर्चा हुई। सम्मानित अतिथि डॉ. रामनाथ झा ने शहरों के प्रशासन को मजबूत करने की बात कही, मुख्य अतिथि आर्किटेक्ट नरेंद्र डेंगले ने एकिस्टिक्स एंड द फ्रैगमेंटशन ऑफ लाइफ थीम के तहत शहरों में घरों एवं इमारतों की डिजाइन बनाने में प्रकृति को शामिल करने की सलाह दी। वेस्कोआ में डिजाइन चेयर प्रो. हर्षद भाटिया ने 'एकिस्टिक्स' और शहरों में इसकी भूमिका के बारे में बताया। अंत में, विशेषज्ञों ने कहा कि शहरों के नियम बनाने में आर्किटेक्ट्स को भी शामिल होना चाहिए। इस पैनल चर्चा की अध्यक्षता प्रोफेसर आर्किटेक्ट अख्तर चौहान ने की। वेस्कोआ के प्रिंसिपल डॉ प्रोफेसर आनंद अचारी, ने कहा कि हमारे कॉलेज में आर्किटेक्ट के स्टूडेंट्स को सिर्फ किताबों से नहीं पढ़ाया जाता। बल्कि उन्हें रिसर्च, लाइव प्रोजेक्ट और कला के जरिए समाज की समस्याओं को समझने और उनका हल निकालने के लिए प्रेरित किया जाता है।

# उत्तर भारतीयों का रचनात्मक और विकासशील समाज: संतोष आरएन सिंह

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** उत्तर भारतीय समाज हमेशा से रचनात्मक और विकासशील समाज रहा है। मुंबई के सर्वांगीण विकास में उत्तर भारतीय समाज का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। बोरीवली पूर्व के तिरुपति सभागृह में आयोजित उत्तर भारतीय संघ, मुंबई की बोरीवली शाखा के पुनर्गठन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्ग को संगठित करना और उनके आत्म सम्मान की रक्षा करना उत्तर भारतीय संघ का दायित्व है। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ राधेश्याम तिवारी, उपाध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष डॉ किशोर सिंह, उपाध्यक्ष अछैवर तिवारी, महामंत्री देवेन्द्र तिवारी, उत्तर भारतीय संघ के कोषाध्यक्ष अजय सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ शिवश्याम तिवारी समेत बड़ी संख्या में संघ के



ट्रस्टी और सदस्य उपस्थित थे। सर्वसम्मति से मुकेश मिश्रा को बोरीवली शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर मुकेश मिश्रा के पिता व्यवसाई रमाकांत मिश्रा ने संघ को ढाई लाख रुपए का विशेष योगदान देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन संघ के पूर्व शाखा अध्यक्ष हेमंत पांडे ने किया। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित लोगों में डॉ हृदय नारायण मिश्रा, पूर्व नगरसेवक विद्यार्थी सिंह, श्रीकांत पांडे, इंद्रमणि दुबे, दहिसर शाखा के अध्यक्ष एडवोकेट जयशंकर पांडे, मुकुंद शर्मा, रामकृपाल शर्मा, मनोज चतुर्वेदी, सतीश मिश्र,नागेंद्र मिश्रा, मानिकचंद यादव, राजेंद्र विश्वकर्मा, सुरेंद्र पांडे आदि का समावेश रहा।

# जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संप्रदाय द्वारा बोईसर में भव्य शोभायात्रा आयोजित



**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** गुढीपाडवा के शुभ अवसर पर रविवार 30 मार्च 2025 को जगद्गुरु नरेंद्राचार्य महाराज संप्रदाय जिला सेवा समिति पश्चिम पालघर की ओर से बोईसर शहर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा गणपति मंदिर ओसवाल से शुरू होकर चिराग विद्यालय, भीमनगर तक निकाली गई।

इस शोभायात्रा में नववर्ष की शुभकामनाओं वाला बैनर, हाथों में गुढी धारण किए हुए बहनें, ध्वज धारित महिलाएं, ढोल-ताशा पथक, कलशधारी महिलाएं, श्रीराम दरबार की झांकी, संप्रदाय के धामयात्री, संत वेशभूषा धारण किए श्रद्धालु, लेझीम दल, कोली नृत्य, सुविचार लिखे फ्लेक्स, संप्रदाय के भजन मंडल, रंग-बिरंगे फूलों से सजी रथ में विराजित स्वामीजी की तस्वीर एवं स्वामीजी की पालखी प्रमुख आकर्षण रहे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु ढोल-ताशों की गूंज पर थिरकते हुए और लेझीम की ताल पर नृत्य करते हुए आगे बढ़े। वारकरी भजनों में मग्न भक्तों ने आनंद और भक्ति भाव से इस यात्रा में भाग लिया। संप्रदाय के लगभग डेढ़ हजार से अधिक भक्तों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और अधिक भव्य बना दिया।

शोभायात्रा में शामिल भक्तों ने नववर्ष के शुभ अवसर पर समाज में प्रेम, शांति और सद्भावना का संदेश दिया। इस कार्यक्रम की सफलता के लिए संप्रदाय के सभी सेवकों और आयोजकों का विशेष योगदान रहा।

# कल्याण स्टेशन पर जलापूर्ति बाधित - केडीएमसी ने सख्त कदम उठाया

## केडीएमसी का 4.41 करोड़ रुपये पानी बिल बकाया

**कल्याण।** कल्याण रेलवे स्टेशन पर पानी का बिल 4.41 करोड़ रुपये बकाया होने के कारण केडीएमसी ने कल्याण रेलवे स्टेशन की पानी आपूर्ति बंद कर दी है। केडीएमसी ने बकाया भुगतान के लिए रेलवे प्रशासन को बार-बार नोटिस और अल्टीमेटम जारी किया है, लेकिन उसके बाद भी रेलवे ने बकाया भुगतान नहीं किया है, इसलिए केडीएमसी ने आज सुबह कल्याण रेलवे स्टेशन की पानी की आपूर्ति काट दी है। केडीएमसी ने संपत्ति कर और जल कर बकाएदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है।

कल्याण रेलवे स्टेशन भी इस कार्रवाई की जद में आ गया है। कल्याण रेलवे स्टेशन पर इस वर्ष 4.41 करोड़ रुपये तथा पिछले वर्ष 3 करोड़ रुपये का पानी बिल बकाया था। अभय योजना के तहत उनके 31 लाख रुपए माफ कर दिए गए, लेकिन केडीएमसी ने शेष बकाया राशि का भुगतान करने के लिए रेलवे प्रशासन को नोटिस भेजा था। 24 घंटे का अल्टीमेटम भी दिया गया। हालांकि, रेलवे प्रशासन द्वारा बकाया राशि का भुगतान न किए जाने के कारण केडीएमसी ने अंततः कल्याण रेलवे स्टेशन की पानी की आपूर्ति काट दी है, जिसके कारण कल्याण रेलवे स्टेशन पर पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। वही इस मामले में रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि केडीएमसी ने पानी कनेक्शन कुछ समय के लिए बन्द किया था । लेकिन बातचीत करने के बाद दुबारा पानी कनेक्शन सुरु कर दिया गया है।




उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# पहलवानी के बल पर तहसील नहीं जनपद में मिसाल किया कायम डीएम यादव पहलवान

## पुश्तैनी चली आ रही है जोड़ी गदा घूमने की परम्परा



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। केराकत तहसील अंतर्गत पसीना गांव निवासी महेंद्र यादव पहलवान बचपन से ही कुश्ती जोड़ी गदा घूमाकर क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया वही उनके कदम नक्शे पर चलकर उनके पुत्र डीएम यादव उर्फ सनी उनसे काम नहीं जहां एक तरफ पिता ने पहलवानी के दम पर अपना नाम क्षेत्र में काम किया वही अपने पिता को पीछे छोड़ते हुए डीएम पहलवान नेक्षेत्र में नहीं बल्कि कई जनपदों में जोड़ी गदा घूमाकर मेडल प्राप्त करते हुए अपने नाम के साथ अपने पिता का नाम रोशन किया वातालाप के दौरान डीएम पहलवान के पिता महेंद्र ने बताया कि यह परंपरा हमारी पुश्तैनी चली आ रही है जिसको हम आज भी कायम रखे हुए हैं 20 वर्ष के उम्र में जो कामयाबी जो नाम गदा जोड़ी घूमाकर डीएम पहलवान ने नाम रोशन किया है वह काबिले तारीफ है कहा जाता है कि कला प्रदर्शन में वह ताकत है जिससे पूरी दुनिया का मुरीद बनने से नहीं रोका जा सकता जो आज प्रदर्शन देखने को केराकत तहसील के पसेवागांव में महेंद्र पहलवान के अखाड़े में मिला पहलवानों की टोली जोड़ी गधा घूमाते हुए प्रदर्शन किया जहां लोग इकट्ठा होकर डीएम पहलवान के फिटनेस बॉडी व उनके कला को लोग देखते रह गए कला को देखते हुए ऐसा प्रतीक होता है हर पिता को डीएम यादव पहलवान जैसे जन्म ले ले तो हर पिता का सपना साकार होने से नहीं रोका जा सकता वही महेंद्र यादव पहलवान अपने पुत्रों पर नाज करते हुए भाउक होकर बताया कि बचपन से ही मैं अपने बेटों को अपने ही रंग-ढंग में ठालकर रखा जो आज अपने पिता के नाम रोशन करने के साथ ही साथ जनपद में पसीना का नाम रोशन किया है ऐसे पुत्र पर हम सह परिवार हृदय से आशीर्वाद देते हैं कि गांव नहीं जिला नहीं बल्कि प्रदेश में अपना नाम रोशन करें वहीं डीएम पहलवान अपने पहलवानी के बल पर कई जनपद में जोड़ी गड़ा फेर कर मेडल प्राप्त कर चुके हैं।

# विधायक राजन नाइक ने पानी से जड़ी समस्या को दूर करवाया



नालासोपारा। नालासोपारा विधानसभा के विधायक राजन नाइक ने कासगांव स्थित सूर्या जल उपचार संयंत्र का दौरा किया और जिधर से वसई नाला सोपारा विरार को पेय जल उपलब्ध होता है वहां का खराब पड़ा ट्रांसफार्मर को तुरंत बदल दिया। जिससे छह दिनों से चल रही पानी की समस्या का समाधान हो गया। 25 तारीख से वसई विरार क्षेत्र में पेयजल की समस्या बनी हुई थी। इस बारे में जानकारी लेने पर पता चला कि सूर्या वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, कासगांव में ट्रांसफार्मर की मरम्मत नहीं हुई है। आज विधायक राजन नाइक ने तत्काल मौके पर जाकर समस्या का समाधान कराया। विधायक ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो इसका ध्यान संबंधित अधिकारी को चेताया।

# स्नेहा दुबे ने किया भाजपा जनसंपर्क कार्यालय नायगांव का उद्घाटन





वसई। आज गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर वसई विरार जिला सचिव का भाजपा जनसंपर्क कार्यालय का उद्घाटन नायगांव पूर्व मालजीपाडा में वसई विधायक स्नेहा दुबे द्वारा किया गया। जिसमें श्रीमती दुबे ने कहा कि लोगो को जनसंपर्क कार्यालय उनकी पहचान है और भारतीय जनता पार्टी वसई पूर्व मंडल में संदीप लीलाबाई लक्ष्मण पाटिल का कार्यभार आज स्नेहा दुबे द्वारा पूरा किया गया। इस जनसंपर्क कार्यालय के माध्यम से जनता की सेवा करने तथा समस्याओं के समाधान के लिए कार्य करते रहने का दृढ़ संकल्प है। मुझे विश्वास है कि यह जनसंपर्क कार्यालय सदैव जनता की समस्याओं, उनके न्याय और विकास के लिए काम करता रहेगा। इस शुभ अवसर पर वसई विधायक स्नेहा दुबे पंडित,भाजपा वसई विरार शहर जिला अध्यक्ष महेंद्र पाटिल, जिला उपाध्यक्ष राजू म्हात्रे, जिला महासचिव सुनील किनी, वसई पंचायत समिति सदस्य श्रीमती सविता पाटिल, विवेक भोस्कर, विकास बरनवाल, दत्तात्रय पाटिल, नरेश पाटिल, गणेश म्हात्रे, मयूर नाइक, जीत सिंह, सागर सोमण, भीमराव घरत, नागेश पाटिल, नितेश ठाकरे, सनी दुबे शिवपूजन, मालजीपाड़ा, ससुनावघर, सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# संस्कार युक्त शिक्षा से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास:डॉ उमेश तिवारी



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। एसजीएम कान्वेंट स्कूल, पटैला का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रीय गीत, ब्रज गीत, नाटक, कौव्वाली,सामूहिक नृत्य आदि देख दर्शक तालियां बजाते रह गए। बतौर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव व प्रमुख प्रतिनिधि डॉ उमेश तिवारी ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री तिवारी ने कहा कि छात्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है। बस उन्हें समय समय पर प्रदर्शन का मौका उपलब्ध कराकर उसमें निखार लाना ही शिक्षकों की जिम्मेदारी है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि बच्चों को संस्कार युक्त शिक्षा दें। बृजेश यादव ने बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इनके शिक्षित होने से दो कुलों में प्रकाश फैलता है। उन्होंने बच्चों को व्यवसायपरक तकनीकी ज्ञान दिए जाने की बात कही। छात्रा कुमारी शिवांगी, काजल, रिया, आरुषी, श्रेया, साक्षी ने सरस्वती वंदना तथा नीतू, मुस्कान, लक्ष्मी, मोनाली, महक ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अध्यक्षता अरविंद प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर अजीत प्रजापति,मोनू निगम,बसंत मौर्या, संतोष यादव, अन्सार अहमद, राकेश वर्मा आदि मौजूद रहे। प्रधानाचार्य अरविंद कुमार ने विद्यालय विकास आख्या पढ़ कर सुनाई।

# नशे में धुत ट्रैक्टर चालक ने दो छात्राओं को दबाया एक की हुई मौत



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। महराजगंज क्षेत्र के सर जे पी महिला महाविद्यालय की बी ए फाइनल की दो छात्राएं विद्यालय से वापस अपने चचेरे भाई के साथ बाइक से वापस जाते समय कोल्हूआ बाजार में भाई दुकान पर कुछ सामान खरीदने लगा कि सुजानगंज के तरफ से आ रहा ट्रैक्टर जिसका चालक नशे में धुत था सीधे दोनों छात्राओं के ऊपर चढ़ा दिया।बैंक ड्यूटी में खड़े पुलिस कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ट्रैक्टर चालक और घायल छात्राओं को जीप में लड़कर मौके से चले आए।चालक को थाने भेजकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले गए जहां डाक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया तथा दूसरी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया सुजानगंज थाना क्षेत्र के मनिकापुर गांव की दो चचेरी बहन बंदना 22 वर्ष पुत्री रोशनलाल निषाद और सुमन 18वर्ष पुत्री शोभ नाथ निषाद सर जे पी महिला महाविद्यालय में बी ए की छात्रा है। दोनों बहनों को उनके चचेरे भाई आनंद निषाद सुबह विद्यालय पहुंचाए थे और छुट्टी के बाद दोनों को एक ही बाइक से वापस जा रहे थे कि कोल्हूआ बाजार में कुछ सामान खरीदने के लिए भाई ने बाइक रोकी तो दोनों छात्राएं सड़क के किनारे खड़ी हो गई और आनंद सामान लेने दुकान पर चला गया। उसी समय सुजानगंज की तरफ से एक ट्रैक्टर बेतहाशा आ रहा था और चालक शराब के नशे में धुत था किनारे खड़ी छात्राओं को दबाते हुए एक दुकान में जाकर भीड़ गया।जोर की आवाज सुनकर भीड़ इक्कठा हो गई और ड्राइवर की तरफ बढ़ी। कोल्हूआ बाजार में स्टेट बैंक की चेकिंग कर रहीं पुलिस टीम आवाज सुनकर भीड़ की तरफ दौड़ी और घायल दोनों छात्राओं को जीप में लाद लिया तथा ड्राइवर को अपने कब्जे में लेकर ट्रैक्टर भी थाने भेज दिया।पुलिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले आए जहां डाक्टर राजेंद्र प्रसाद ने बंदना को मृत घोषित कर दिया तथा सुमन को जिला अस्पताल भेज दिया। परिजनों ने अस्पताल पर एक घंटे करीब शव को उठाने नहीं दिया किंतु पुलिस के कार्यों की सराहना सभी उपस्थित लोगों ने किया और समुचित कार्यवाही का आश्वाशन देने के बाद शव को पोस्टपार्टम हेतु भेजा गया।

# मशीन से कट गया हाथ, सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने बढ़ाया मदद का हाथ




आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जीवन कभी-कभी कठिन परिस्थितियों में परीक्षा लेता है, और ऐसी ही एक दुखद घटना आजमगढ़ के 10 वर्षीय आदर्श प्रजापति के साथ घटी। पिता की मृत्यु के बाद, आदर्श और उनके 15 वर्षीय बड़े भाई पर पूरे परिवार की जिम्मेदारी आ गई थी। दोनों भाई आटा चक्की की मशीन चलाकर आजीविका चला रहे थे। लेकिन दुर्भाग्यवश एक 27 मार्च को आदर्श का हाथ मशीन में फंस गया। जिससे उसका पूरा हाथ कट गया। घटना के बाद परिवार और स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया। आदर्श के चाचा मनोज प्रजापति ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन इलाज के लिए बड़ी धनराशि की आवश्यकता थी, जो आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के लिए असंभव थी। ऐसे कठिन समय में सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट (मुंबई) ने आगे बढ़कर मदद का आश्वासन दिया। संस्था के संस्थापक अजय प्रजापति, सचिव विनोद प्रजापति, कोषाध्यक्ष इंद्रजीत प्रजापति, मुख्य सहयोगी पीयूष प्रजापति, और राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने मिलकर इस मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने का बीड़ा उठाया। उन्होंने समाज से आर्थिक सहायता की अपील की, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग किया, जिससे आदर्श के बेहतर इलाज की राह आसान हुई। सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट इस कठिन घड़ी में परिवार के साथ खड़ा है और यह सुनिश्चित करने में लगा है कि आदर्श को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा मिल सके। ट्रस्ट ने समाज से अनुरोध किया है कि जो भी इस नेक कार्य में सहयोग करना चाहता है, वह आगे आए और आदर्श के पुनर्वास में योगदान दे। रामसरन प्रजापति, दीपक, राकेश, राजेश, बीएल प्रजापति, अवधेश, रामतीरथ, कमल, श्यामराज, शोभा कुमारी, मंनूलाल, शंकर पंडित जैसे तमाम लोग सहयोग मे आगे आये।

# चिराना में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर हुआ सम्पन्न



चिराना। आस्था हॉस्पिटल के तत्वाधान में कस्बे के गणेश मंदिर के सामने स्थित श्री गणेश मेडिकल स्टोर के पास आस्था चाइल्ड हॉस्पिटल उदयपुरवाटी द्वारा विशाल निःशुल्क परामर्श व जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 85 रोगियों को चिकित्सा लाभ दिया गया। जानकारी देते हुए चेतन कुमावत ने बताया कि आयोजित शिविर में कस्बे सहित पड़ोस की ढाणियों से भी महिलाएं व बच्चे शिविर का लाभ लेने पहुंचे।इस शिविर में आस्था हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ.अनिल कुमावत शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ ने बच्चो के स्वास्थ्य की जांच की तो वहीं स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनीता जांगिड़ ने महिलाओं की चिकित्सा की।कैंप में आए रोगियों की संख्या को देखते हुए यह कैंप हर महीने की 30 तारीख को लगाने का विचार किया गया।इस दौरान शिविर में डॉ.राजेंद्र कुमावत, डॉ.प्रताप राम,जी कॉन पिपराली के उपप्रधानाचार्य गिरधारी लाल चंदोलिया,सीनियर नर्स इंदु रणवा, सूबेदार वीर वीरेंद्र सिंह,अमोलक पारमुवाल,विकास कुमावत,राकेश कुमावत,रामनिवास कुमावत अनिल बारी,अध्यापक बिरजू राम कुमावत, संतोष कुमावत,राजवीर व अभिषेक सहित कई जने उपस्थित रहे।कैंप सम्पन्न होने के बाद संयोजक द्वारा चिकित्सा टीम का सम्मान भी किया गया।

# किसी भी भ्रष्ट अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा : जूडिशियल कॉउन्सिल




नई दिल्ली। जूडिशियल कॉउन्सिल द्वारा एडवोकेट प्रेम प्रकाश वशिष्ठ को सदस्य, लोक शिकायत समिति उत्तर पश्चिमी राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली नियुक्त करने की घोषणा। प्रेम प्रकाश वशिष्ठ ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, मैं इस जिम्मेदारी को ग्रहण करके बहुत सम्मानित और खुश महसूस कर रहा हूँ। मैं जन शिकायत की किसी भी समस्या का निदान चाहूँगा , उच्चतम मानकों को बनाए रखने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हूँ कि हमारा संगठन अत्यंत पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ काम करे। मैं संगठन के मिशन में योगदान देने और जनहित की सेवा करने के लिए तत्पर हूँ। अपनी नई भूमिका में, वशिष्ठ लोक शिकायत से संबंधित मुद्दों के लिए जिम्मेदार होंगे, जैसे भ्रष्टाचार, अनधिकृत निर्माण, सभी लोक शिकायत गतिविधियों की देखरेख, भ्रष्टाचार को रोकना, उच्च स्तर के गबन की जांच का अनुसरण करना और बड़े पैमाने पर लोक शिकायतों का समाधान करना। श्री वशिष्ठ एक अनुभवी वकील हैं और सामाजिक रूप से बहुत सक्रिय हैं। उनके पास एम.कॉम. और एल.एल.बी. की डिग्री है और वे सार्वजनिक सेवा के प्रति अपने समर्पण और नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते हैं।

जूडिशियल कॉउन्सिल के अध्यक्ष श्री राजीव अग्निहोत्री ने कहा, ऱ्हमें विश्वास है कि श्री वशिष्ठ की विशेषज्ञता और नेतृत्व सार्वजनिक शिकायतों को तुरंत दूर करने के लिए ठोस, अमूल्य योगदान होगा। संजीव चौहान सदस्य मानवाधिकार जूडिशियल कॉउन्सिल ने कहा सार्वजनिक सेवा के प्रति उनका समर्पण उन्हें इस भूमिका के लिए आदर्श बनाता है। जूडिशियल कॉउन्सिल नैतिक आचरण के उच्चतम मानकों को बनाए रखने और सभी स्तरों पर जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री प्रेम प्रकाश वशिष्ठ की लोक शिकायत समिति के सदस्य के रूप में नियुक्ति इस प्रतिबद्धता को और मजबूत करती है।

# बिजेंद्र सिंह के पोते के जन्मदिन पर लगा बधाइयों का तांता



पालघर (उत्तरशक्ति)। 29 मार्च को विरार पूर्व स्थित मनवेलपाडा विवांता होटल में बिजेंद्र सिंह के पोते शाश्वत सिंह के प्रथम जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित संगीतमय संध्या में लोकप्रिय गायक कुमार सत्यम को बुलाया गया था। कुमार सत्यम ने कार्यक्रम की शुरूवात भजन से किया। शाश्वत के जन्मदिन पर हॉल में भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने कुमार सत्यम के द्वारा प्राणों से है प्यारे राम, जय श्रीराम जय श्रीराम. सुनकर जय श्रीराम का नारा लगाने लगे। अपने गायन क्रम को आगे बढ़ाते हुए कुमार सत्यम ने अपने लोकप्रिय गीतों मे शुमार .तुम्हारे फुरकत के गम में जल कर ये दिल..। हम जिसके हो सके कोई ऐसा नही मिला, दुनिया में यूं तो प्यार की छाँव मिली.., तोड़कर मेरा दिल मुस्कुराने लगे. घर घर बाजे बधइया आज जन्मे कन्हइया..जैसे भजनों, गजलों और बधाई गीतों को प्रस्तुत करके लोगों का दिल जीत लिया। बिजेंद्र सिंह ने अपने बड़े भाई नरेंद्र सिंह,अपनी पत्नी मीरा, पुत्र प्रिंस,बहू श्रद्धा सिंह, बेटी सुश्री शिवानी सिंह और पोती सृष्टि सहित अपने परिजनोंऔर रिश्तेदारों प्रभात सिंह,रीता सिंह,भारती सिंह, दिनेश सिंह और कुँवर अजय सिंह के साथ केक काटा। इस अवसर पर बालक शाश्वत को जन्मदिन की मंगल बधाई एवं शुभाषीशो से अभिसिंचित करने वालों का तांता लगा रहा। इस जन्मदिन समारोह में वसई-विरार मनपा के पूर्व महापौर उमेश नाईक, पूर्व महापौर रूपेश जाधव,पूर्व सभापति नीलेश देशमुख, पूर्व नगर सेवक वैभव पाटील,उत्तरभारतीय संस्था के राजेश पाण्डे, वरिष्ठ पत्रकार लालशेखर सिंह,अखण्ड क्षत्रिय संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह,अमर सिंह,सद्गुरु फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयर मैन समाज सेवक गणेश अग्रवाल, चेतन भाई, गंधार, सुधाकर सिंह ऱ्बिसेन,कुँवर अजय सिंह, दिनेश सिंह,' प्रभात सिंह(बबलू) , कुंवर संजय सिंह,व्यवसायी संतोष तिवारी, नागेंद्र तिवारी, के. आर. मास्टर,पूर्व ब्लॉक प्रमुखअशोक सिंह, अजय सिंह, बंशराज सिंह,दिनेशप्रताप सिंह,आर डी. सिंह,अवनीश सिंह, सतीश सिंह,सतेंद्र सिंह, सतीश सिंह(बब्बू)विशाल सिंह 'ननवग', सनी सिंह,पत्रकार दिनेश तिवारी, समाजसेवी रमेश चौबे, हितेंद्र सिंह अमर रघुवंशीआदि समाज के विशिष्ट लोग भी अपना आशीर्वाद देने के लिए उपस्थित रहे। गौर तलब है कि, बिजेंद्र सिंह का धार्मिक, सामाजिक क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम है। बिजेंद्र सिंह सामाजिक समस्याओं से सरोकार रखने वाले व्यक्ति के रूप में ख्याति प्राप्त है। बिजेंद्र सिंह के पोते के जन्मदिन पर ऐसे भव्य आयोजन की लोगों ने प्रशंसा करते हुए प्रीति भोज में स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। इस प्रकार कुमार सत्यम के गीतों से रोशन महकती शाम और प्रीति भोज ने बिजेंद्र सिंह के पोते शाश्वत के जन्मदिन को लोगों के लिए यादगार बना दिया। वहीं दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्र के उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा ने भी आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि मृग के कस्तूरी के सुगंध की भांति, आश्वत बेटे आप की किर्ति की सुगंध चारों दिशाओं में फैले। जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

# पालघर सांसद हेमंत सावरा ने आयुष्मान भारत योजना के संबंध में टॉप-अप स्कीम पर पूछा सवाल



पालघर। पालघर लोकसभा क्षेत्र से सांसद हेमंत सावरा ने लोकसभा में गरीब, ग्रामीण और आदिवासी लोगों के लिए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का विशेष उल्लेख किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजनाएं गरीब और आदिवासी समुदाय के लिए वरदान साबित हो रही हैं। इसलिए पूरी जनता सरकार की इस योजना की आभारी है। सावरा ने लोकसभा में कहा की केंद्र सरकार ने विभिन्न योजनाओं में 1961 बीमारियों के उपचार को शामिल किया है। लेकिन कैंसर, हृदय रोग और अंग प्रत्यारोपण जैसी जटिल और महंगी बीमारियों के लिए अधिक सहायता की आवश्यकता है। तो क्या सरकार टॉप अप योजना लागू करने पर विचार कर रही है? इस महत्वपूर्ण प्रश्न, खासदार सावरा ने सदन में प्रस्तुत किया। डॉ .नड्डा स्वास्थमंत्री ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार गरीब मरीजों को बेहतर चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने के लिए और अधिक सकारात्मक कदम उठाएगी। हेमंत सावरा ने सरकार को धन्यवाद किया। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री माननीय डॉ. जे.पी. नड्डा ने स्पष्ट किया कि केन्द्र सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर सुधार कर रही है तथा गरीब और जरूरतमंद मरीजों को अधिकतम लाभ सुनिश्चित करने के लिए अभिनव कदम उठा रही है। इसका जवाब देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. जे.पी. नड्डा ने बताया कि जब आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई थी, तो इसमें 50 करोड़ नागरिकों को शामिल किया गया था।

जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए इस योजना को सामाजिक एवं आर्थिक जनगणना के आंकड़ों और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से जोड़ा गया। जिससे लाभार्थियों की संख्या अब 62 करोड़ तक पहुँच गई है। यह दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य कवरेज योजना है।और महाराष्ट्र राज्य में लाभार्थियों की संख्या 1,32,92,650 लोग हैं जिन्हें अब तक लाभ मिला है। 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक नागरिक को उनकी आय की परवाह किए बिना प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवरेज मिलेगा। वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत 1,960 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। इसमें नई बीमारियों और उपचारों को शामिल करने के लिए समय-समय पर संशोधन किया जाता है, और सरकार भविष्य में अधिक गंभीर बीमारियों को भी इसमें शामिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सम्मानित किए गए बारहवीं के टॉपर्स छात्र-छात्राएं

पटना। राजधानी के अग्रणी कॉमर्स कोचिंग की सूची में शामिल सुकृष्णा कॉमर्स एकेडमी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह - 2025 का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में इस वर्ष बीएसईबी बारहवीं की परीक्षा में वाणिज्य संकाय में 80 प्रतिशत से अधिक तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थान के 100 छात्रों को सम्मानित किया गया। बोरिंग रोड स्थित एके-डमी परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन संस्थान के निदेशक सीए विनय कुमार, निदेशक सीए विवेक कुमार एवं कार्यकारी निदेशक एचएस तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

# राज्य पुरस्कृत मुख्याध्यापक ब्रह्मदेव मिश्र का भव्य सेवा संपूर्ति सम्मान समारोह संपन्न



मुंबई (उत्तर शक्ति)। बृहन्मुंबई महानगर पालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित एम.पी.एस समता नगर हिंदी शाला कांदिवली के महाराष्ट्र राज्य आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित गुणवंत मुख्य शिक्षक ब्रह्मदेव मिश्र का गौरवशाली सेवा संपूर्ति सम्मान समारोह ठाकुर कॉलेज ऑफ सायंस एंड कॉमर्स, ठाकुर विलेज कांदिवली मुंबई के वातानुकूलित सेमिनार सभागृह में शाला व्यवस्थापन एवं आयोजन समिति के सौजन्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर एजुकेशन ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी सम्माननीय ठाकुर जितेंद्र सिंह के प्रतिनिधि के रूप में मुंबई मनपा शालाओं के लोकप्रिय पूर्व उप शिक्षणाधिकारी अशोक मिश्र ने किया। सर्व प्रथम व्यास पीठ के तत्वावधान में दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती पूजन किया गया। विद्यालय की संगीत शिक्षिका सुश्री छाया मैडम के कुशल मार्गदर्शन में विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना तथा स्वागत गीत का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया गया। अतिथि परिचय तथा उनके स्वागत की भूमिका का बखूबी निर्वहन कार्यक्रम संचालक द्वारा आयोजन एवं सत्कार समिति के सानिध्य में बृहत पैमाने पर संपन्न हुआ। प्रमुख अतिथि के रूप में सांसद गोपाल शेट्टी, अभूत पूर्व सामाजिक छवि से परिपूर्ण विधायक संजय उपाध्याय, विधायक ठाकुर रमेश सिंह, गत नेता विनोद मिश्रा, मा. नगर सेवक ठाकुर सागर सिंह, नगर सेविका श्रीमती सुरेखा पाटिल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षा निरीक्षक रामराज पाल,पूर्व उपाचार्य सोमैया कॉलेज रमेश त्रिपाठी ,स्वर सम्राट / रचना सुमन पूर्व प्रधानाध्यापक राधेश्याम द्विवेदी /संदेश , गौरी शंकर ग्राम सेवा मंडल तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष / पूर्व प्रधानाध्यापक राम सेवक पांडेय सहित अन्य गणमान्य महानुभावों ने सामाजिक ,सांस्कृतिक,शैक्षणिक तथा राजनैतिक गुणों से परिपूर्ण ,बहुमुखी प्रतिभा संपन्न राज्य पुरस्कृत मुख्य शिक्षक ब्रह्म देव मिश्र का उनके उल्लेखनीय कार्यों के फलस्वरूप सेवा निवृत्ति के अवसर पर उनके बहुमुखी व्यक्तित्व तथा कृतित्व का चित्रण किया। शुभेच्छा वक्तव्य के रूप में ज्ञान,विज्ञान एवं साहित्य से समृद्ध ,महापौर पुरस्कृत पूर्व शिक्षक हवलदार सिंह, महापौर पुरस्कृत पूर्व शिक्षक जितेंद्र तिवारी, अत्यंत ही उत्साही तथा समर्पित ,महापौर पुरस्कृत शिक्षक श्यामनंदन यादव, हंसमुख व्यक्तित्व की धनी विद्यालय की आदर्श शिक्षिका श्रीमती सुनीता पाल ,पारिवारिक प्रतिनिधि के रूप में गौरवमूर्ति के अग्रज बजरंग बली मिश्र तथा शिक्षिका एवं ज्येष्ठ सुपुत्री श्रीमती प्रिया त्रिपाठी ने गौरवमूर्ति के साथ व्यतीत किए अपने स्वर्णिम क्षणों,स्मृतियों तथा उनके मानवतावादी, प्रेरक एवं दूरदर्शी व्यक्तित्व का उल्लेख किया।इस अवसर पर मनपा शिक्षण विभाग के यशस्वी संगीत शिक्षक तथा स्वर सम्राट प्रभारी प्रधानाध्यापक पवन शुक्ल द्वारा मार्मिक विदाई गीत भी प्रस्तुत किया गया। शैक्षणिक समाज द्वारा निर्मित मानपत्र का वाचन गुणवंत शिक्षक ब्रजेश कुमार सिंह ने किया। विभिन्न शैक्षणिक,सामाजिक तथा राजनैतिक हस्तियों सहित व्यास पीठ,आयोजन समिति,शाला सत्कार समिति तथा सभागृह में उपस्थित मान्यवर/ महानुभावों द्वारा प्रेरक व्यक्तित्व से अलंकृत सत्कार मूर्ति ब्रह्मदेव मिश्र तथा उनकी गुणवंत धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला मिश्र का शाल,श्रीफल, उपहार की अन्य वस्तुएं तथा अभिनंदन पत्र प्रदान कर ऐतिहासिक एवं गौरवशाली अभिनंदन ,स्वागत तथा गुण गौरव किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाओं से अलंकृत तथा गणमान्य महानुभावों को भी शाल तथा पुष्प गुच्छ प्रदान कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का खूबसूरत संचालन महापौर पुरस्कृत पूर्व प्रधानाध्यापक ईश्वरदेव पाल ने अत्यंत ही विनम्रतापूर्वक संपन्न किया जबकि उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक रमेश सिंह ने सहृदयता के साथ कुशलतापूर्वक व्यक्त किया। विदाई समारोह का आयोजन, नियोजन तथा क्रियान्वयन आनंददाई, प्रेरणदाई तथा संदेश का सूचक रहा ।